भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 3900**
**11 अगस्त, 2026 को उत्तर के लिए**

**एकल-स्थान एकीकृत इस्पात संयंत्रों का विकास**

**3900. श्री जी. कुमार नायकः**

क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में और राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार प्रवर्तक, प्रस्तावित क्षमता, निवेश, कैप्टिव कच्चे माल की संबद्धता और वर्तमान स्थिति को दर्शाते हुए चालू, निर्माणाधीन और अनुमोदित एकल-स्थान एकीकृत इस्पात संयंत्रों का ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान स्वीकृत परियोजनाओं का कार्यान्वयन के चरण, अधिग्रहीत भूमि, प्राप्त सांविधिक स्वीकृतियों और चालू होने की संभावित तिथि सहित ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने लौह अयस्क, कोकिंग कोल, भूमि, लॉजिस्टिक्स की उपलब्धता और पर्यावरणीय मंजूरियों सहित ऐसे संयंत्रों की स्थापना को प्रभावित करने वाले किन्हीं गतिरोधों की पहचान की है और इस संबंध में क्या सुधारात्मक उपाय किए गए हैं; और

(घ) इन परियोजनाओं के माध्यम से वर्ष 2030 तक कितनी अतिरिक्त कच्चा इस्पात क्षमता सृजित होने की संभावना है?

**उत्तर**

**इस्पात राज्य मंत्री** **(श्री भूपतिराजु श्रीनिवास वर्मा)**

(क) से (ग): इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है, और सरकार घरेलू इस्पात उत्पादन और क्षमता बढ़ाने, आयात निर्भरता को कम करने और निवेश को आकर्षित करने के लिए अनुकूल नीतिगत वातावरण सृजित कर एक सुविधाप्रदाता के रूप में कार्य करती है। इस्पात संयंत्रों की स्थापना संबंधी निर्णय, लौह अयस्क और कोकिंग कोल जैसे कच्चे माल की उपलब्धता और स्रोत, भूमि अधिग्रहण, लॉजिस्टिक तथा परियोजना संबंधी अन्य पहलुओं सहित प्रौद्यो-वाणिज्यिक विश्लेषणों और स्थान-विशिष्ट कारकों के आधार पर अलग-अलग इस्पात कंपनियों द्वारा लिए जाते हैं। वर्तमान में क्रूड स्टील क्षमता लगभग 220 एमटी है, और राष्ट्रीय इस्पात नीति, 2017 में वर्ष 2030-31 तक 300 एमटी क्षमता की परिकल्पना की गई है। वर्ष 2025-26 के लिए देश में क्रूड स्टील के सात बड़े उत्पादकों और उनकी क्षमता का विवरण निम्नानुसार है:

जारी....2/-

| क्रूड स्टील क्षमता (2025-26) | |
|---|---|
| **उत्पादक** | **क्षमता (एमटी में)** |
| स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) | 20.63 |
| राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) | 7.30 |
| एनएमडीसी स्टील लिमिटेड (एनएसएल) | 3.00 |
| टाटा स्टील लिमिटेड समूह (टीएसएल समूह) | 26.78 |
| आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया (एएम/एनएस) | 9.60 |
| जेएसडब्ल्यू समूह | 35.50 |
| जिंदल स्टील लिमिटेड(जेएस एल) | 14.60 |
| **कुल** | **117.41** |
| एमटी- मिलियन टन | |

*****